
पत्रिका 19/5/2020

# सफाई के बाद कुछ ऐसा दिखने लगा ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब







राजधानी का ऐतिहासिक और गौरवशाली बूढ़ा तालाब का इन दिनों रंग बदल रहा है। जहां कभी जलकुंभी दिखाई देती थी वहां अब पानी की लहरें उठने लगी है। निगम के जलकुंभी मुक्त अभियान को जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों का साथ मिलने से तालाब की तस्वीर बदलने लगी है। अभी बूढ़ा तालाब की एक हिस्से की सफाई की गई है। इतने में ही बूढ़ा तालाब का ये नया रूप नजर आने लगा है।

---

पत्रिका 19/05/2020

### सप्ताहभर में पैठूवाले हिस्से को जलकुंभी मुक्त देख मुख्य सचिव हुए खुश

# बूढ़ा तालाब के सफाई अभियान में पहुंचकर मुख्य सचिव और डीजीपी ने किया श्रमदान

अमृतं जलम्
आओ, भगीरथ बनें!



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर** . सोमवार को मुख्य सचिव आरपी मंडल, डीजीपी डीएम अवस्थी और मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने बूढ़ातालाब के सफाई में शामिल होकर कुछ देर श्रमदान किए। इसके पहले मुख्य सचिव ने महापौर एजाज ढेबर से कहा कि सप्ताहभर मे पैठूवाला हिस्सा जलकुंभी मुक्त हो गया, बहुत बढ़िया। साथ ही उन्होंने कहा कि अब चारों तरफ तालाब किनारे के जलकुंभी और झाड़ियों को हटाने का काम जोरों पर किया जाए। इसके बाद छह माह के भीतर इस ऐतिहासिक तालाब को भोपाल की बड़ी झील की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने निगम के जोन कमिश्नर सौरभ कुमार को निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के तहत तालाब का सौंदर्यीकरण करने का काम शुरू करें, ताकि आगामी छह माह में तालाब तेलीबांधा तालाब से भी ज्यादा खूबसूरत लगे। इस दौरान विधायक कुलदीप जुनेजा, रायपुर संभाग आयुक्त जीआर चुरेंद्र भी मौजूद थे। सभी ने महापौर की पहल पर एक सप्ताह के भीतर ही तालाब के एक बड़े हिस्से को जलकुंभी मुक्त करने की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## 11 मई से अभियान की शुरूआत

11 मई से महापौर एजाज ढेबर के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग, निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, महापौर स्वच्छता हेल्प लाइन की विशेष गैंग के 85 सफाई मित्रों, 30 अतिरिक्त सफाई ठेका कर्मचारियों, 50 विशेषज्ञ मछुआरों को मिलाकर 165 कामगारों द्वारा 11 ट्रकों, 7 पोकलेन मशीनों की सहायता से प्रतिदिन निरंतर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक व संध्या 4 बजे से शाम 5 बजे तक 6 घंटे सघन सफाई करके बूढ़ातालाब के भीतर से जलकुंभी व गाद निकालने का कार्य तेज गति से चल रहा है।

## अब तक 500 डंपर से अधिक गाद निकाली

अब तक लगभग 550 डंपर से अधिक जलकुंभी व गाद बूढ़ातालाब के भीतर से निकाली जा चुकी है। महापौर ढेबर ने बताया कि सफाई अभियान के बाद योजना के तहत बूढ़ातालाब को राजधानी रायपुर के सबसे सुंदर व विकसित स्थल के रूप में बदलने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध मे मुख्य सचिव द्वारा पूर्व में ही निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को देकर बूढ़ातालाब को रायपुर का सबसे सुंदर स्थल बनाने कार्यवाही प्रारंभ करवाई जा चुकी है। महापौर ढेबर निगम पार्षदों सहित प्रतिदिन बूढ़ातालाब पहुंचकर निरीक्षण सहित जलकुंभी सफाई अभियान में प्रतिदिन श्रमदान भी कर रहे हैं। इससे बूढ़ातालाब पूर्व की अपेक्षा काफी साफ नजर आने लगा है।

देशबन्धु 22/05/2020

# महापौर ने बूढ़ातालाब में बोट चलाकर सफाई महाभियान का निरीक्षण किया

रायपुर, 21 मई (देशबन्धु)। राजधानी शहर के प्रथम नागरिक महापौर एजाज ढेबर ने आज राजधानी शहर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब स्वामी विवेकानंद सरोवर में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा चलाये जा रहे सफाई के विषेष महाभियान की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन स्वयं बोट चलाकर किया। महापौर द्वारा बोट से किये गये निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य श्री सुरेष चन्नावार, पार्षद श्री मन्नू यादव, पूर्व पार्षद श्री मनोज कंदोई भी साथ थे। महापौर श्री ढेबर ने बोट चलाकर बूढातालाब के सफाई के दौरान बदले स्वरूप का स्वतः निरीक्षण किया एवं जोन 7 कमिष्नर श्री विनोद पाण्डेय व कार्यपालन अभियंता श्री रधुमणी प्रधान को 25 मई 2020 तक सम्पूर्ण बूढातालाब की विषेष सफाई का महाभियान सम्पूर्ण जलकुंभी व गाद निकालकर पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने के एक बार फिर निर्देष दिये।



महापौर श्री ढेबर के नेतृत्व में शहर की पर्यावरण प्रेमी सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने बूढातालाब को स्वच्छ बनाने एवं बनाये रखने भागीदार बनने का सामूहिक प्रण लिया। महापौर के नेतृत्व में ग्रीन आर्मी के सदस्यों के साथ एमआईसी सदस्य श्री सुरेष चन्नावार, पार्षद श्री मन्नू यादव, पूर्व पार्षद श्री मनोज कंदोई ने भी तालाब को स्वच्छ बनाये रखने का संकल्प लिया। ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने अपने हाथ में जागरूकता नारे के बोर्ड लेकर सफाई के प्रति जनजागरण का कार्य किया एवं नागरिको से तालाबों में कचरा फेंकना बंद करने का आव्हान किया। ग्रीन आर्मी ने जागरूकता नारो के माध्यम से लोगो को बताया कि बूढातालाब को बचाना है, महापौर जी का साथ निभाना है, महापौर जी ने यह ठाना है बूढातालाब बचाना है।

महापौर श्री ढेबर के निर्देष पर आज नगर निगम रायपुर के जोन 7 द्वारा बूढातालाब की जलकुंभी व गाद के सफाई महाभियान की गति और अधिक तेज करते हुए 10 मीटर बुम के आकार वाली बडी पोकलेन मषीन को सफाई अभियान में लगाकर तेजी से बूढातालाब से जलकुंभी व गाद निकाली गई। बडी 10 मीटर बुम वाली पोकलेन मषीन एवं 5-6 मीटर बुम वाली 7 छोटी पोकलेन मषीनों 11 ट्रकों, 50 विषेषज्ञ मछुआरों, निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, निगम मुख्यालय महापौर स्वच्छता हेल्प लाईन, निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग विषेष गैंग के 85 सफाई मित्रों एवं अतिरिक्त 30 ठेका सफाई मित्रों को मिलाकर 165 श्रमिकों की सहायता से विगत 11 मई से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं संध्या 4 बजे से 5 बजे तक निरंतर जारी सफाई महाभियान के तहत अब तक लगभग 700 से अधिक डम्पर मात्रा में बूढातालाब के भीतर से जलकुंभी व गाद निकालकर उसका परिवहन करवाया जा चुका है। 25 मई तक विषेष सफाई महाभियान चलाने के बाद बूढातालाब को नगर निगम रायपुर एवं स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से राजधानी स्मार्ट सिटी का सबसे सुन्दर विकसित स्थल बनाकर 14 वीं सदी के ऐतिहासिक तालाब का समाज हित में सौंदर्यीकरण, सफाई गहरीकरण सहित संरक्षण व संवर्धन ऐतिहासिक धरोहर के रूप में करने कार्य किया जायेगा।

अमृतसंदेश 18/5/2020

# ग्रीन आर्मी ने महापौर का सम्मान किया

रायपुर, 18 मई (असं)।

रायपुर, 18 मई (असं)। ग्रीन आर्मी संस्था ने शहर के सैकड़ो वर्ष पुराने प्रसिद्ध बूढ़ातालाब विवेकानंद सरोवर की किया सफाई एवं गहरीकरण कार्य करने हेतु नगर निगम आभार व्यक्त किया संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने कार्य स्थल पर जाकर रायपुर निगम महापौर एजाज ढेबर को इस कार्य हेतु बधाई दी गई।



ग्रीनआर्मी संस्था के अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने एक सम्मान पत्र भी इस अवसर पर महापौर को प्रदान किया। संस्था के द्वारा विगत एक वर्ष से लगातार बुढ़ातालाब की सफाई के लिये जन जागरण कार्य, जनसमूह व निगम के कर्मचारियों को साथ लेकर कार्य किया जा रहा था।

महापौर ने इस अवसर पर कहा कि शासन एवं नगर निगम द्वारा बूढ़ातालाब को साफ व गहरा किया जा रहा हैं लेकिन इसमें जनता सहयोग की भी आवश्यकता है ग्रीनआर्मी संस्था इसमें जनजागरण एवं इसे भविष्य में भी साफ रखने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। संस्था के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8 बजे सेवा कार्य करने की बात कही गई है। मौके पर दुबे समेत हितेश दिवान, पी.के.साहू, मोहन वल्यानी आदि मौजूद थे।

नवभारत 22/05/2020

## बूढ़ातालाब साफ करने महापौर ने दिलाया संकल्प

रायपुर. भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर ग्रीन आर्मी एवं एनएसएस के सदस्यों को टीम को महापौर एजाज ढेबर ने रायपुर शहर के ऐतिहासिक धरोहर बूढ़ातालाब को बचाने की मुहिम में अपना सम्पूर्ण योगदान देने संकल्प दिलाया.

अमृत संदेश 22/5/2020

# महापौर ने बोट चलाकर सफाई अभियान देखा

रायपुर, 21 मई ( असं )।

महापौर एजाज ढेबर ने आज राजधानी शहर के ऐतिहासिक बूढातालाब स्वामी विवेकानंद सरोवर में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा चलाये जा रहे सफाई के विशेष महाभियान की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन स्वयं बोट चलाकर किया। महापौर द्वारा बोट से किये गये निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, पार्षद मन्नू यादव, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई भी साथ थे। महापौर ढेबर ने बोट चलाकर बूढातालाब के सफाई के दौरान बदले स्वरूप का स्वत: निरीक्षण किया एवं जोन 7 कमिश्नर विनोद पाण्डेय व कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान को 25 मई तक सम्पूर्ण बूढातालाब की विशेष सफाई का महाभियान सम्पूर्ण जलकुंभी व गाद निकालकर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के एक बार फिर निर्देश दिये।

महापौर ढेबर के नेतृत्व में शहर की पर्यावरण प्रेमी सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने बूढातालाब को स्वच्छ बनाने एवं बनाये रखने भागीदार बनने का सामूहिक प्रण लिया।



महापौर ढेबर के निर्देश पर आज नगर निगम रायपुर के जोन 7 द्वारा बूढातालाब की जलकुंभी व गाद के सफाई महाभियान की गति और अधिक तेज करते हुए 10 मीटर बुम के आकार वाली बडी पोकलेन मशीन को सफाई अभियान में लगाकर तेजी से बूढातालाब से जलकुंभी व गाद निकाली गई। बडी 10 मीटर बुम वाली पोकलेन मशीन एवं 5-6 मीटर बुम वाली 7 छोटी पोकलेन मशीनों 11 ट्रकों, 50 विशेषज्ञ मछुआरों, निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, निगम मुख्यालय महापौर स्वच्छता हेल्प लाईन, निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग विशेष गैंग के 85 सफाई मित्रों एवं अतिरिक्त 30 ठेका सफाई मित्रों को मिलाकर 165 श्रमिकों की सहायता से विगत 11 मई से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं संध्या 4 बजे से 5 बजे तक निरंतर जारी सफाई महाभियान के तहत अब तक लगभग 700 से अधिक डम्पर मात्रा में बूढातालाब के भीतर से जलकुंभी व गाद निकालकर उसका परिवहन करवाया जा चुका है।

हरिभूमि 22/05/2020



# बूढ़ातालाब में बोट चलाकर किया सफाई महाभियान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

बूढ़ातालाब को स्वच्छ बनाने के लिए चलाए जा रहे सफाई महाभियान की प्रगति का जायजा लेने महापौर एजाज ढेबर ने गुरुवार को बोट चलाई। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य एवं पार्षद भी उनके साथ रहे। 11 ट्रकों, 50 दक्ष मछुआरों और 165 सफाई श्रमिकों की सहायता से तालाब की सफाई कराई जा रही है। इस दौरान श्री ढेबर ने नगर निगम के अधिकारियों को बूढ़ातालाब की संपूर्ण सफाई का कार्य 25 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए।

बूढ़ातालाब को शहर के सबसे सुंदर स्थल के रूप में विकसित करने महापौर एजाज ढेबर की पहल पर नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन स्वस्फूर्त होकर सामूहिक श्रमदान करने आगे आ रहे हैं।

नई दुनिया 22/05/2020

## ग्रीन आर्मी ने बूढ़ातालाब में किया श्रमदान

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ऐतिहासिक बूढ़ातालाब की सफाई में कई सामाजिक संगठन श्रमदान कर रहे हैं। गुरुवार को शहर पर्यावरण प्रेमी सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने भी हाथ बटाया। साथ ही हाथों में संदेशात्मक तख्ती लिए लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया, तालाबों में कचरा नहीं फेंकने की अपील की। उल्लेखनीय है कि बूढ़ातालाब से जलकुंभी, गाद और लद्दी निकालने के लिए 10 मीटर बूम आकार वाली बड़ी पोकलेन मशीन लगाई गई है। इसके अलावा सात पोकलेन मशीन, 11 ट्रक, 50 विशेषज्ञ मछुवारे, 85 सफाई मित्र, 30 ठेका सफाई मित्रों को मिलाकर 165 श्रमिकों की सहायता से 11 मई से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 बजे से 5 बजे तक सफाई की जा रही है।

दैनिक भास्कर 22/5/2020

# महापौर ने किया बूढ़ातालाब का निरीक्षण



रायपुर | महापौर एजाज ढेबर ने गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब में सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, पार्षद मन्नू यादव, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई मौजूद रहे। उन्होंने बोट चलाकर बूढ़ातालाब के सफाई के दौरान बदले स्वरूप का निरीक्षण किया और जोन कमिश्नर विनोद पाण्डेय व कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान को 25 मई तक तालाब की विशेष सफाई का महाभियान जलकुंभी व गाद निकालने के काम को पूरा करने के निर्देश दिए है। महापौर के नेतृत्व में सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने बूढ़ातालाब को स्वच्छ बनाने व बनाएं रखने भागीदार बनने का प्रण लिया। ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने अपने हाथ में जागरूकता नारे के बोर्ड लेकर सफाई के प्रति जनजागरुकता का कार्य किया। 25 मई तक विशेष सफाई महाभियान चलाने के बाद बूढ़ातालाब को नगर निगम व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के जरिए ऐतिहासिक तालाब का सौंदर्यीकरण, सफाई, गहरीकरण और संरक्षण व संवर्धन ऐतिहासिक धरोहर के रूप में करने कार्य किया जाएगा।

प्रदेश टुडे 22/5/2020

# 10 मीटर बुम वाली बड़ी पोकलेन मशीन से शुरू हुआ बूढ़ा तालाब का सफाई अभियान

रायपुर। बूढ़ा तालाब को सुंदर और स्वच्छ बनाने तालाब से जलकुंभी और गाद को बाहर निकाला जा रहा है और इसी परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को 10 मीटर बुम वाली बड़ी पोकलेन मशीन से सफाई अभियान की शुरुआत की गई। 25 मई तक बूढ़ा तालाब को साफ करने के निर्देश जोन कमिश्नर 7 व कार्यपालन अभियंता को दिए गए है। गुरुवार को ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने महापौर के नेतृत्व में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक शपथ लिया। महापौर ने स्वयं बोट चलाकर सफाई अभियान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। महापौर के नेतृत्व में ग्रीन आर्मी के सदस्यों के साथ एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, पार्षद मन्नू यादव, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई ने तालाब को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने अपने हाथ में जागरूकता नारे के बोर्ड लेकर सफाई के प्रति जनजागरण का कार्य किया एवं नागरिको से तालाबों में कचरा फेंकना बंद करने का आव्हान किया।



**Date** : 11/05/2020 to 25/05/2020

**Subject** : JAL AVAM TALAAB SARANKSHAN

**Place** : BUDHA TALAAB, RAIPUR (C.G.)















**Date** : 11/05/2020 to 25/05/2020

**Subject** : JAL AVAM TALAAB SARANKSHAN

**Place** : BUDHA TALAAB, RAIPUR (C.G.)














# शहीद वीर सपूतों की स्मृति में वृक्षारोपण





**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

आज ग्रीन आर्मी चांगोराभाठा द्वारा महादेवा तालाब में वृक्षारोपण का कार्य म चीन सीमा पर शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में 20 पौधे रोपे गए. इस अवसर पर ग्रीन आर्मी चांगोरा भाठा जोन के अध्यक्ष डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने उपस्थित लोगों को बताया कि पर्यावरण को संतुलित व हरा भरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है हमारी कोशिश रहे कि हम शहर के वातावरण को प्रदूषित होने से बचाऐ एवं अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी लोगों द्वारा योगा गुरु ऋचा त्रिपाठी एवं शिव श्याम यदु के मार्गदर्शन में योग किया गया, इसके पश्चात सभी लोगों ने मिलकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए महादेवा तालाब के चारों ओर पौधे लगाए। इस अवसर पर सभी संस्था ने पौधे लगाने में मदद की जिसमें ग्रीन आर्मी के संस्थापक अमिताभ दुबे, सचिव चंद्रकांत देवांगन, लेडी विंग चेयरमैन रात्रि लहरी, इंचार्ज के के वर्मा, एच आर अफिसर नरेंद्र गोस्वामी, मीडिया इंचार्ज मूलचंद कश्यप, ऑफिस इंचार्ज आकाश कुशवाहा, फिल्म अभिनेता मनमोहन सिंह ठाकुर, अभिनेता संतोष सारथी, सुप्रसिद्ध लोक गायिका चंपा निषाद, प्रसिद्ध अभिनेत्री संजू साहू, कोपल क्रिएटिव संस्था के वेद प्रकाश दास, खन्ना जी, एन.एस.एस. प्रभारी सुनीता चनसोरिया, स्वरांजलि संस्था से संदीप तिवारी, छत्तीसगढ़ कॉलेज के प्रोफेसर ममता पटेल, अग्रसेन कॉलेज के प्रोफेसर ममता यदु, ब्राउन विंग चेयरमैन हरदीप कौर, पुरुषोत्तम मिश्रा डायग्नोसिस, एवं सभी जोन अध्यक्ष नवीन शुक्ला, गुरुदीप टुटेजा, आशीष शर्मा, डॉ मनोज ठाकुर, वेद प्रकाश तारक, हमारा प्रयास सबका विकास संस्था से पुनीता चंद्रा, पद्मिनी वर्मा, प्रसिद्ध व्यवसायी धनेश पटेल, कोपाल वानी के ममता शर्मा, यशवंत शर्मा ने पौधे रोपण कार्य में अपनी महती भूमिका निभाई।

**हाईवे चैनल रायपुर**
**शनिवार 20 जून 2020**

## महादेवा तालाब चांगोरा भाठा में ग्रीन आर्मी द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि एवं सफाई कार्यक्रम

रायपुर 20 जून ( हाईवे चैनल )। महादेवा तालाब चांगोरा भाटा में ग्रीन आर्मी आफ रायपुर जोन चांगोरा भाठा द्वारा पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पश्चात भारत चीन बॉर्डर में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया व महादेवा तालाब के चारों ओर शहीदों के स्मृति में वृक्षारोपण कल रविवार को प्रातः 8:00 बजे से करने का संकल्प लिया गया, उपस्थित लोगों द्वारा चीन में निर्मित सामग्री का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात तलाब की सफाई का कार्य सभी लोगों द्वारा किया गया जिसमें चांगोरा भाटा के पार्षद मिनल छगन चौबे, ग्रीन आर्मी चांगोरा भाटा, कोपल क्रिएटिव संस्था, एनएसएस के छात्र छात्राएं महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं ग्रीन आर्मी आप रायपुर के संस्थापक अमिताभ दुबे, ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर, ईन्चार्ज कृष्ण कुमार वर्मा, नरेंद्र गोस्वामी, नवनीत चावड़ा, चंद्रकांत देवांगन, रात्रि लहरी सनत देवांगन, कविता कुंभज आकाश कुशवाहा, पद्मीनी वर्मा, पुनीत चंद्रा एसपी साहू संजू साहू, रूमा विश्वकर्मा, डॉ मनोज ठाकुर अनिल वर्मा एवं अलग-अलग जोन के 40 सदस्य उपस्थित रहे।



# ग्रीन आर्मी ने बूढ़ातालाब में किया श्रमदान

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ऐतिहासिक बूढ़ातालाब की सफाई में कई सामाजिक संगठन श्रमदान कर रहे हैं। गुरुवार को शहर पर्यावरण प्रेमी सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने भी हाथ बटाया। साथ ही हाथों में संदेशात्मक तख्ती लिए लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया, तालाबों में कचरा नहीं फेंकने की अपील की। उल्लेखनीय है कि बूढ़ातालाब से जलकुंभी, गाद और लद्दी निकालने के लिए 10 मीटर बूम आकार वाली बड़ी पोकलेन मशीन लगाई गई है। इसके अलावा सात पोकलेन मशीन, 11 ट्रक, 50 विशेषज्ञ मछुवारे, 85 सफाई मित्र, 30 ठेका सफाई मित्रों को मिलाकर 165 श्रमिकों की सहायता से 11 मई से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 बजे से 5 बजे तक सफाई की जा रही है।

# बूढ़ातालाब साफ करने महापौर ने दिलाया संकल्प

रायपुर. भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर ग्रीन आर्मी एवं एनएसएस के सदस्यों की टीम को महापौर एजाज ढेबर ने रायपुर शहर के ऐतिहासिक धरोहर बूढ़ातालाब को बचाने की मुहिम में अपना सम्पूर्ण योगदान देने संकल्प दिलाया.

# महापौर ने बोट चलाकर सफाई अभियान देखा

रायपुर, 21 मई (असं)।

महापौर एजाज ढेबर ने आज राजधानी शहर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब स्वामी विवेकानंद सरोवर में नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा चलाये जा रहे सफाई के विशेष महाभियान की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन स्वयं बोट चलाकर किया। महापौर द्वारा बोट से किये गये निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, पार्षद मन्नू यादव, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई भी साथ थे। महापौर ढेबर ने बोट चलाकर बूढ़ातालाब के सफाई के दौरान बदले स्वरूप का स्वत: निरीक्षण किया एवं जोन 7 कमिश्नर विनोद पाण्डेय व कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान को 25 मई तक सम्पूर्ण बूढ़ातालाब की विशेष सफाई का महाभियान सम्पूर्ण जलकुंभी व गाद निकालकर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के एक बार फिर निर्देश दिये।

महापौर ढेबर के नेतृत्व में शहर की पर्यावरण प्रेमी सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने बूढ़ातालाब को स्वच्छ बनाने एवं बनाये रखने भागीदार बनने का सामूहिक प्रण लिया।

महापौर ढेबर के निर्देश पर आज नगर निगम रायपुर के जोन 7 द्वारा बूढ़ातालाब की जलकुंभी व गाद के सफाई महाभियान की गति और अधिक तेज करते हुए 10 मीटर बुम के आकार वाली बडी पोकलेन मशीन को सफाई अभियान में लगाकर तेजी से बूढ़ातालाब से जलकुंभी व गाद निकाली गई। बडी 10 मीटर बुम वाली पोकलेन मशीन एवं 5-6 मीटर बुम वाली 7 छोटी पोकलेन मशीनों 11 ट्रकों, 50 विशेषज्ञ मछुआरों, निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, निगम मुख्यालय महापौर स्वच्छता हेल्प लाईन, निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग विशेष गैंग के 85 सफाई मित्रों एवं अतिरिक्त 30 ठेका सफाई मित्रों को मिलाकर 165 श्रमिकों की सहायता से विगत 11 मई से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं संध्या 4 बजे से 5 बजे तक निरंतर जारी सफाई महाभियान के तहत अब तक लगभग 700 से अधिक डम्पर मात्रा में बूढ़ातालाब के भीतर से जलकुंभी व गाद निकालकर उसका परिवहन करवाया जा चुका है।



# महापौर ने किया बूढ़ातालाब का निरीक्षण

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर ने गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब में सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर के साथ एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, पार्षद मन्नू यादव, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई मौजूद रहे। उन्होंने बोट चलाकर बूढ़ातालाब के सफाई के दौरान बदले स्वरूप का निरीक्षण किया और जोन कमिश्नर विनोद पाण्डेय व कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान को 25 मई तक तालाब की विशेष सफाई का महाभियान जलकुंभी व गाद निकालने के काम को पूरा करने के निर्देश दिए है। महापौर के नेतृत्व में सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने बूढ़ातालाब को स्वच्छ बनाने व बनाएं रखने भागीदार बनने का प्रण लिया। ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने अपने हाथ में जागरुकता नारे के बोर्ड लेकर सफाई के प्रति जनजागरुकता का कार्य किया। 25 मई तक विशेष सफाई महाभियान चलाने के बाद बूढ़ातालाब को नगर निगम व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के जरिए ऐतिहासिक तालाब का सौंदर्यीकरण, सफाई, गहरीकरण और संरक्षण व संवर्धन ऐतिहासिक धरोहर के रूप में करने कार्य किया जाएगा।



# बूढ़ातालाब की सफाई के लिए श्रमदान



विगत कई दिनों से अभियान चलाकर बूढ़ातालाब की सफाई की जा रही है जिसमें निगम के अमले के साथ बड़ी संख्या में लोग व संस्थाएं श्रमदान करने पहुंच रही हैं. नवभारत फोटो

22 मई 2020
रायपुर, शुक्रवार
छत्तीसगढ़

# महापौर ने दिलाया ग्रीनआर्मी व एन.एस.एस. को बूढातालाब सफाई का संकल्प

अमन पथ न्यूज

रायपुर। भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर ग्रीनआर्मी एवं एन.एस.एस. के सदस्यों की टीम ने बूढ़ातालाब की सफाई कार्यस्थल पर जाकर श्रमदान किया एवं माननीय महापौर एजाज ढेबर जी के साथ मिलकर यह संकल्प लिया कि मैं आज रायपुर शहर के महापौर जी एजाज ढेबर जी की उपस्थिति में यह संकल्प लेता हूं कि मैं रायपुर शहर के ऐतिहासिक धरोहर विशाल जलस्त्रोत बूढ़ातालाब को बचाने की मुहिम में अपना सम्पूर्ण योगदान दूंगा एवं प्रत्येक रविवार को प्रातः 7 बजे से 8 बजे इस तालाब की सफाई में अपना योगदान दूंगा।

ग्रीनआर्मी के द्वारा शासन एवं नगर निगम के साथ 25 मई तक रोजाना 1 घंटा प्रातः 8 बजे से श्रमदान किया जायेगा एवं इसके बाद भी प्रत्येक रविवार को ग्रीनआर्मी के द्वारा तालाब सफाई का कार्यक्रम एवं जनजागरण का कार्य जारी रहेगा। आसपास के लोगों से आग्रह भी किया जायेगा कि कृपया तालाब में कचरा न



फेकें। ग्रीनआर्मी संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे द्वारा बताया गया कि ग्रीनआर्मी संस्था जो कि पर्यावरण संरक्षण के लिये विगत कई वर्षों से कार्य करती आ रही है संस्था के द्वारा सरोवर-धरोहर के अंतर्गत विगत एक वर्ष से लगातार जल एवं तालाब संरक्षण के लिये प्रत्येक रविवार को एक व्यक्ति एक धमेला के अंतर्गत तालाब गहरीकरण, सफाई एवं जनजागरण कार्य, आसपास के जनसमूह व निगम के कर्मचारियों को साथ लेकर किया जा रहा था। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि शासन एवं नगर निगम द्वारा बूढ़ातालाब को साफ व गहरा किया जा रहा है एवं इस कार्य में 1 वर्ष से ग्रीनआर्मी के द्वारा योगदान दिया जा रहा है। लेकिन इसमें जनता के साथ व सहयोग की भी आवश्यकता है ग्रीनआर्मी संस्था इसमें जनजागरण एवं इसे भविष्य में भी साफ रखने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार, सुनिता चंसोरिया, राजी लहरी, ग्रीन विंग चेयरमेन पी.के. साहू, हरदीप कौर, संरक्षक शरद गुप्ता, एन.आर. नायडू एवं कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। हितेश दीवान, प्रकाश दीवान, हिमांशु तिवारी, मुकेश श्रीवास्तव, जे. अरूणा, शशिकांत यदु, पियुश कश्यप एवं ग्रीनआर्मी के लगभग 50 लोग उपस्थित थे।

नव-भारत 19/05/2020

# बूढ़ातालाब में श्रमदान के लिए पहुंचे सीएस व डीजीपी

## मुख्य वन संरक्षक, विधायक, कलेक्टर, महापौर और कमिश्नर भी थे साथ

◆ नवभारत रिपोर्टर | रायपुर.
www.navabharat.org



ऐतिहासिक बूढ़ातालाब (विवेकानंद सरोवर) से जलकुंभी और गाद मिट्टी निकालने चल रहे अभियान का हिस्सा बनने 18 मई को राज्य के मुख्य सचिव आरपी मंडल, डीजीपी डीएम अवस्थी तथा मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी और विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा पहुंचे. इनके साथ कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन, महापौर एजाज ढेबर और कमिश्नर सौरभ कुमार ने भी श्रमदान किया. इस अवसर पर निगम के एमआईसी सदस्य और पूर्व पार्षद के साथ ही स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तकनीकी महाप्रबंधक एसके सुंदरानी व नगर निगम अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य सहित जोन कमिश्नर उपस्थित थे. यहां मुख्य सचिव श्री मंडल ने कहा कि इस तालाब को ऐतिहासिक स्वरूप देने के साथ ही इसे पर्यटन के लिहाज से भी अच्छा बनाकर देंगे. इसकी योजना पर काम भी शुरू कर दिया गया. उल्लेखनीय है कि इस तालाब की सफाई में 35 मछुआरों के साथ ही 85 सफाई मित्रों को मिलाकर कुल 120 श्रमिक लगे हुए हैं. वहीं 4 पोकलेन मशीन और जेसीबी के हाइड्रोलिक आर्म से तालाब का कचरा बाहर निकाला जा रहा है.

नई दुनिया 19/05/2020

# बूढ़ातालाब की सफाई करने के लिए पहुंचे सीएस आरपी मंडल, डीजीपी डीएम अवस्थी और कलेक्टर

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ऐतिहासिक बूढ़ातालाब की सफाई कार्य जोरों पर चल रहे हैं। सफाई में कई सामाजिक संस्था, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी समेत जनप्रतिनिधि पहुंचकर श्रमदान कर रहे हैं।



श्रमदान करते हुए दाएं से विधायक कुलदीप जुनेजा, डीजीपी डीएम अवस्थी, सीएस आरपी मंडल, कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन और अन्य अधिकारी। ● निगम

सोमवार को बूढ़ातालाब में प्रदेश के मुख्य सचिव (सीएस) आरपी मंडल, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डीएम अवस्थी, राज्य मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, रायपुर संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन, महापौर एजाज ढेबर, विधायक कुलदीप जुनेजा, निगम आयुक्त सौरभ कुमार, एमआइसी सदस्य सर्वश्री सुरेश चन्नवार, जितेंद्र अग्रवाल, रितेश त्रिपाठी, पार्षद संध्या नानू ठाकुर, प्रमोद मिश्रा, पूर्व पार्षद मनोज कंदोई, जोन 7 कमिश्नर विनोद पांडेय ने पर्यावरण सुरक्षा के लिए तालाब को धरोहर के रूप में संरक्षण एवं तालाब की सफाई का सकारात्मक संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे और चार से छह शाम बजे तक किया जा रहा है। अब तक 550 डम्पर से जलकुंभी और कचरा बाहर निकल चुके हैं। वहीं यह सफाई 25 मई तक चलाया जाएगा।

# GREEN ARMY OF RAIPUR

1st Floor Bajrang Mandir Complex, Near Kankali Hospital Brahmanpara
Raipur (C.G.) Pin : 492001, Mobile: 9826147610, Email: greenarmyraipur@gmail.com


दिनांक : 15/11/2019

*पं. क्रमांक :* 122201868135

प्रति,
गुरुकुल महिला महाविद्यालय,
कालीबाड़ी, रायपुर (छ.ग.)

**विषयः** जल एवं तालाब संरक्षण हेतु आयोजित **"सरोवर धरोहर"** कार्यक्रम हेतु आभार।

महोदय,

दिनांक 09 नवम्बर 2019 दिन शनिवार, को जल एवं तालाब संरक्षण हेतु आयोजित कार्यक्रम सरोवर धरोवर स्थान बूढ़ा तालाब परिक्षेत्र में आपके सहयोग हेतु ग्रीनआर्मी संस्था आपका दिल से आभार व्यक्त करती है निश्चित रूप से आपके द्वारा दिये गये सहयोग ने ही इस कार्यक्रम को वृहद रूप से सफल किया है। भविष्य में भी हमें आपका साथ एवं सहयोग मिलता रहेगा इसी आशा एवं विश्वास के साथ एक बार पुनः आपका बहुत–बहुत आभार।

जय धरती माता की।
धन्यवाद।

भवदीय
ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर

| | | |
|---|---|---|
| कुलदीप दुबे | रात्री लहरी | अमिताभ दुबे |
| 9826515377 | 8827814511 | 9826147610 |
| (कॉलेज कमेटी चेयरमेन) | (कॉलेज कमेटी सेकेट्री) | (संस्थापक सदस्य) |

GREEN ARMY OF RAIPUR (C.G.) PLANTATION

**Date** : 08/11/2020

**Subject** : PAD YATRA – GAJRAJ BAANDH BACHAO

**Place** : BUDHA TALAAB SE BORIYAKHURD, RAIPUR















**Date** : 10/10/2020 - 16/11/2020

**Subject** : JAL AVAM TALAAB SANRANKSHAN – GAJRAJ BAANDH BACHAO ABHIYAN

**Place** : HIND SPORTING GROUND, RAIPUR (C.G.)











दैनिक भास्कर 10/11/20

# गजराज बांध बचाने ग्रीन आर्मी ने की पदयात्रा



'छत्तीसगढ़' संवाददाता

रायपुर, 9 नवंबर। शहर से लगे बोरियाखुर्द में स्थित 230 एकड़ के गजराज बांध को बचाने एवं उसकी गहरीकरण एवं चौड़ीकरण की मांग को लेकर ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा विगत दिवस पदयात्रा निकाली गई।

यह पदयात्रा बूढ़ा गार्डन गेट से पुलिस ग्राउंड होते हुए संतोषी नगर चौक से होते हुए बोरियाखुर्द गजराज बांध पर जाकर समाप्त हुई। लगभग 5 किमी दूरी की इस पदयात्रा में संस्था के लगभग 125 सदस्य शामिल रहे।

पदयात्रा के दौरान जल एवं तालाब संरक्षण संबंधित नारे लगाए गए, पाम्पलेट बांटे गए एवं बैनर लगाये गये। सर्वधर्म सद् भाव एवं प्रत्येक मनुष्य के लिये जल का महत्व कों प्रदर्शित करने हेतु हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई चारों धर्मों के धर्मगुरु इस पदयात्रा में शामिल रहे।

संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे ने बताया कि ग्रीनआर्मी विगत तीन वर्षों से लगातार इसे बचाने के लिये कार्य कर रही है।

पदयात्रा के समापन पर सभी सदस्यों, स्थानीय नागरिकों, एनसीसी के कैडेट्स एवं एनएसएस के युवाओं द्वारा गजराज बांध के जल को हाथ में लेकर इस गजराज बांध को बचाने के लिये जल संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण विशेषज्ञ राकेश जैन ने शहरवासियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन पुरूषोत्तम चंद्राकर, लक्ष्य टारगेट, पी.के.साहू, सुभाष साहू, विनीत शर्मा, गुरदीप टुटेजा, आर.बी.साहू एवं शशिकांत यदु ने किया।

छत्तीसगढ़ 10/11/20

# गजराज बांधा तालाब बचाने ग्रीन आर्मी ने बूढ़ातालाब से निकाली पदयात्रा



कम्युनिटी रिपोर्टर | रायपुर

बोरियाखुर्द स्थित 230 एकड़ के गजराज बांध को बचाने, उसके चौड़ीकरण और गहरीकरण के लिए ग्रीन आर्मी ने सोमवार को 5 किलोमीटर की पदयात्रा की। इस पदयात्रा बूढ़ातालाब से पुलिस ग्राउंड, संतोषी नगर होते हुए गजराज बांध तक किया गया। इसमें 125 से ज्यादा सदस्य शामिल हुए। लोगों के लिए जल के महत्व को प्रदर्शित करने पदयात्रा में सभी धर्म के गुरु अपने धार्मिक परिवेश में शामिल हुए।

हरिभूमि 10/11/20

रायपुर, मंगलवार 10 नवंबर 2020
haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### गजराज बांध बचाने निकाली पदयात्रा

रायपुर। शहर से लगे बोरियाखुर्द में स्थित 230 एकड़ के गजराज बांध को बचाने, गहरीकरण और चौड़ीकरण की मांग को लेकर ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। इस यात्रा में संस्था के लगभग 125 सदस्य शामिल हुए। यह पदयात्रा बूढ़ातालाब गार्डन गेट से पुलिस ग्राउंड होते हुए संतोषीनगर चौक से बोरियाखुर्द गजराज बांध पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे ने बताया कि ग्रीन आर्मी विगत तीन सालों से लगातार इसे बचाने के लिए कार्य कर रही है। प्रत्येक रविवार को संस्था के सदस्यों द्वारा नगर निगम कर्मचारी एवं स्थानीय निवासियों को साथ लेकर इसके गहरीकरण एवं सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके लिए संस्था के सदस्यों द्वारा लगातार संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उन्हें गजराज बांध बचाने के लिए ज्ञापन दिया जा रहा है। इस यात्रा में पुरुषोत्तम चंद्राकर, लक्ष्य टारगेट, पीके साहू, सुभाष साहू, विनीत शर्मा, गुरदीप टुटेजा, आरबी साहू एवं शशिकांत यदु आदि उपस्थित थे।

अमन पथ 5/11/20

05 अक्टूबर 2020 अमन पथ 5/11/20

रायपुर, गुरुवार अमन पथ

## न्यूज विन्डो

### ग्रीन आर्मी ने मनाया नो व्हीकल डे



रायपुर। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा बूढा गार्डन गेट से लेकर नरहरैय्या तालाब होते हुवे गजराज बांध बोरियाखुर्द तक 5 कि.मी. की सायकल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संचालक पंकज जादवानी, अनुपमा तिवारी एवं जुगनु भाई ने बताया कि हमारी टीम विगत 5 वर्षों से लगातार नगर निगम के साथ मिलकर प्रत्येक माह के 03 तारीख को सायकल रैली प्रातः 7:30 बजे से निकाली जाती है जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश एवं उत्तम स्वास्थ्य का संदेश दिया जाता है इस बार ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा इस कार्यक्रम में गजराज बांध को बचाने की अपील के सांथ रायपुर के सभी तालाबों का संरक्षण का मुद्दा भी शामिल किया गया है। संस्था के संरक्षक अमिताभ दुबे ने बताया कि आगामी रविवार को प्रातः 7:30 बजे गजराज बचाने हेतु एक विशाल पदयात्रा की भी योजना पूर्णरूप से बन चुकी है एवं आप सभी इस गजराज बचाओं पद यात्रा में आमंत्रित है।

दैनिक विश्व परिवार 5/11/20

### ग्रीन आर्मी ने मनाया नो व्हीकल डे, गजराज बांध को बचाने पैदल यात्रा की तैयारी भी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ग्रीन आर्मी द्वारा गजराज बांध को बचाने सायकल यात्रा निकाली। 3 नवम्बर को ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा बूढ़ा गार्डन गेट से लेकर नरहरैय्या तालाब होते हुए गजराज बांध बोरियाखुर्द तक 5 कि.मी. की सायकल यात्री की। कार्यक्रम के संचालक पंकज जादवानी, अनुपमा तिवारी एवं जुगनु ने बताया कि हमारी टीम द्वारा विगत 5 वर्षों से प्रत्येक माह के 3 तारीख को सायकल यात्रा निकालकर पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया जाता है। गजराज बांध को बचाने के साथ रायपुर के सभी तालाबों को संरक्षित किए जाने का मुद्दा भी इसमें शामिल किया गया है। संस्था के संरक्षक अमिताभ दुबे ने बताया कि आगामी रविवार को प्रातः 7 बजे गजराज बांध को बचाने हेतु एक विशाल पदयात्रा निकाले जाने की योजना है, जिसमें सभी सहयोगी जनों को सम्मिलित होने के लिए संस्था द्वारा अपील भी की गई है।

छत्तीसगढ़ 5/11/20

## ग्रीन आर्मी ने गजराज बचाने निकाली सायकल रैली

**रायपुर, 4 नवंबर।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा विगत दिवस बूढ़ागार्डन गेट नरैय्या तालाब होते हुवे गजराज बांध बोरियाखुर्द तक 5 कि.मी. की सायकल रैली निकाली गई।




कार्यक्रम के संचालक पंकज जादवानी, अनुपमा तिवारी एवं जुगनु भाई ने बताया कि उनकी टीम विगत 5 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता की खातिर नगर निगम के साथ मिलकर प्रत्येक माह की 3 तारीख को सुबह सायकल रैली निकाली जाती है। इस बार ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा इस कार्यक्रम में गजराज बांध को बचाने की अपील के सांथ रायपुर के सभी तालाबों का संरक्षण का मुद्दा भी शामिल किया गया है।

संस्था के संरक्षक अमिताभ दुबे ने बताया कि आगामी रविवार को प्रातः 7.30 बजे गजराज बचाने हेतु एक विशाल पदयात्रा की भी योजना बन चुकी है।

दैनिक विश्व परिवार 06/11/20

## गजराज बचाने ग्रीन आर्मी की पदयात्रा



**रायपुर ( विश्व परिवार )**। रायपुर शहर में एक समय 300 तालाब हुआ करते थे लेकिन अब लगभग 50 तालाब ही बचे है इस समस्त तालाबों के संरक्षण की मांग को लेकर एवं 230 एकड़ के विशाल गजराज बांध बोरियाखुर्द के अस्तित्व की रक्षा के लिये ग्रीन आर्मी सँस्था द्वारा आगामी रविवार दिनांक 08 नवंबर 2020 को प्रातः 7:30 बजे से बूढातालाब गार्डन गेट से लेकर नरहरैय्या तालाब होते हुवे 5 कि.मी. की पद यात्रा गजराज बांध बोरियाखुर्द तक की जा रही है इस पदयात्रा में लगभग 100 ग्रीन आर्मी सदस्य शामिल होंगे। संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे ने बताया कि प्रत्येक रविवार को ग्रीन आर्मी द्वारा गजराज बांध की सफाई एवं खुदाई का कार्य नगर निगम की टीम के सांथ मिलकर प्रारम्भ किया जा चुका है इस पदयात्रा के माध्यम से हम तालाबों के संरक्षण हेतु जनजागरण करना चाहते है। आप सभी इस पदयात्रा में आमंत्रित है।

नई दुनिया 6/11/20

## ग्रीन आर्मी ने गजराज बांध को बचाने निकाली साइकिल यात्रा

**रायपुर**। ग्रीन आर्मी संस्था ने गजराज बांध बोरियाखुर्द को बचाने के लिए बूढ़ा तालाब गार्डन से लेकर नरहरैय्या तालाब होते हुए बोरियाखुर्द तक पांच किमी तक साइकिल रैली निकाली। कार्यक्रम के संचालक पंकज जादवानी, अनुपमा तिवारी, जुगनू भाई ने बताया कि टीम पांच वर्षों से लगातार नगर निगम के साथ मिलकर प्रत्येक माह की तीन तारीख को साइकिल रैली निकाल रही है। संस्था के संरक्षक अमिताभ दुबे ने बताया कि आगामी रविवार को सुबह 7:30 बजे गजराज बांध को बचाने के लिए पदयात्रा भी निकाली जाएगी।

**-नईदुनिया प्रतिनिधि**

छत्तीसगढ़ 06/11/20



## गजराज बचाने ग्रीन आर्मी करेगी पदयात्रा

रायपुर, 5 नवंबर। शहर के तालाबों के संरक्षण एवं 230 एकड़ के विशाल गजराज बांध बोरियाखुर्द के अस्तित्व की रक्षा की मांग को लेकर ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा 8 नवंबर प्रात 7.30 बजे से बूढातालाब गार्डन गेट से लेकर नरहरैय्या तालाब होते हुवे 5 किमी की पद यात्रा की जाएगी। इस पदयात्रा में लगभग 100 ग्रीन आर्मी सदस्य शामिल होंगे। संस्था के संस्थापक अमिताभ दुबे ने बताया कि रायपुर शहर में एक समय में 300 तालाब हुआ करते थे लेकिन अब लगभग 50 तालाब ही बचे हैं। इनका संरक्षण जरूरी है।'

प्रत्येक रविवार को ग्रीन आर्मी द्वारा गजराज बांध की सफाई एवं खुदाई का कार्य नगर निगम की टीम के सांथ मिलकर प्रारम्भ किया जा चुका है। इस पदयात्रा के माध्यम से तालाबों के संरक्षण हेतु शहर वासियों को जागरुक किया जाएगा।

हाईवे चैनल 25/02/2020

# ग्रीनआर्मी ने की गजराज बांध में सफाई

रायपुर, 25 फरवरी। बोरियाखुर्द गजराज बांध 230 एकड़ (वर्गफिट क्षेत्रफल 1,00,18,800.00) गहरीकरण, चौडीकरण करने पर इसमें 5,11,92,73,000.00 क्यूबिक लीटर पानी संग्रहित होगा जो की गर्मी के दिनों रायपुर शहर में आरक्षित जल स्त्रोत होगी जो कि आने वाले 50 वर्षो तक कभी भी रायपुर शहर में जल की कमी नहीं होने देगी।



बाँध के चारों ओर सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। जिसके लिए ग्रीन आर्मी कटिबद्ध है गजराज बांध क्षेत्र को ऑक्सिरिच क्षेत्र बनाया जा सकता हैं इसके संरक्षण के लिए बोरियाखुर्द गजराजबांध संरक्षण समिति ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुरऔर जेसीआइ संगवारी रायपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान संकल्प, सरोवर धरोहर एक जन आंदोलन में लोग बढ़ चढ़ कर भाग ले रहें हैं, गजराज बांध का संरक्षण के लिए अभियान विगत जनवरी 2019 से चल रहा हैं, सफाई और गहरीकरण के कार्य।

नगर निगम ज़ोन – 6, कमिश्नर विनय मिश्रा, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर, अध्यक्ष अमिताभ दुबे, जेसीआई संगवारी रायपुर, अध्यक्ष चंद्रकांत देवांगन, बोरियाखुर्द गजराजबांध संरक्षण समिति, शहर जिला साहू संघ, ग्राम बोरियाखुर्द निवासी, बोरियाखुर्द मुक्तिधाम सेवा समिति, कर्मा झेरिया साहू समाज वार्ड क्रमांक 54, नगर निगम रायपुर छॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर डॉ पुरुषोतम चंद्राकार और साथी कलाकार। विभिन्न समजिक संगठन के सदस्य, यादव समाज, ब्राह्मण समाज, सिन्धी, धीवर समाज और अन्य ने सहयोग से किया गया।

नव भारत 25/02/2020




# गजराज बांध का गहरीकरण कर ग्रीन आर्मी ने की सफाई

## संस्था की मांग, 230 एकड़ का हो गजराज बांध

रायपुर. ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के सदस्यों ने रविवार को बोरियाखुर्द स्थित गजराज बांध के गहरीकरण समेत सफाई का कार्य श्रमदान कर किया. संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि इस बांध के 230 एकड़ में गहरीकरण व चौड़ीकरण के बाद इसमें 5,11,92,73,000.00 क्यूबिक लीटर पानी संग्रहित होगा. जिससे गर्मी के दिनों में आरक्षित जल स्त्रोत की बढ़ोत्तरी के साथ आने वाले 50 वर्षों तक कभी भी रायपुर शहर में जल की कमी नहीं होगी. उन्होंने बताया कि इस बांध के चारों ओर सघन वृक्षारोपण किया जाएगा. बांध के संरक्षण के लिए बोरियाखुर्द गजराज बांध संरक्षण समिति, नगर निगम प्रशासन, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर और जेसीआई संगवारी रायपुर समेत कई संगठनों द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'सरोवर धरोहरः एक जन आंदोलन' में लोग बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं. इसी कड़ी में ग्रीन आर्मी समेत नागरिकों व नगर निगम द्वारा बूढ़ातालाब, अमलीडीह तालाब एवं चौघड़िया तालाब की सफाई का कार्य भी प्रति रविवार किया जा रहा है. अगले रविवार 1 मार्च को लोगों के साथ नगाड़ा बजाकर और रैली निकालकर शासन-प्रशासन तक बांध व तालाबों के संरक्षण का संदेश पहुंचाया जाएगा.

नई दुनिया 25/02/2020

## बोरिया खुर्द गजराज बांध तालाब से निकाला दो ट्राली मलबा

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ग्रीन आर्मी ने रविवार को बोरियाखुर्द गजराज बांध तालाब में सफाई और गहरीकरण अभियान चलाया।

सफाई अभियान में नगर निगम जोन छह के कमिश्नर विनय मिश्रा, ग्रीन आर्मी अध्यक्ष अमिताभ दुबे, जेसीआइ संगवारी अध्यक्ष चंद्रकांत देवांगन, बोरियाखुर्द गजराज बांध संरक्षण समिति, शहर जिला साहू संघ, बोरियाखुर्द मुक्तिधाम सेवा समिति अन्य संगठनों के लोग शामिल रहे। अभियान के तहत तालाब के मुख्य घाट से दो ट्राली मलबा निकाला। मालूम हो कि तालाब का सफाई और गहरीकरण का कार्य 26 जनवरी से शुरू हुआ है।

प्रदेश टुडे 25/02/2020

# गजराजबांध से निकाला दो ट्राली मलबा

रायपुर। हर रविवार को ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के द्वारा तालाबों की सफाई व गहरीकरण का कार्य किया जाता है, इसी के तहत 26 जनवरी से बोरियाखुर्द स्थित गजराजबांध तालाब की सफाई का कार्य किया जा रहा है और इस रविवार को सफाई के दौरान 2 ट्राली मलबा बाहर निकाला गया। गजराज बांध संरक्षण समिति के पी.के. साहू और मीडिया कमेटी के चेयरमेन लीना वाढ़ेर ने बताया कि नगर निगम जोन 6 के कमिश्नर विनय मिश्रा और उनकी टीम के सहयोग से 26 जनवरी से गजराज बांध तालाब सफाई अभियान की शुरू की गई है और अभी तक 16 ट्राली मलबा तालाब से बाहर निकाला जा चुका है। गजराज बांध तालाब सफाई अभियान में नगर निगम, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के सदस्य, विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्य, यादव समाज आदि शामिल थे।




पत्रिका 25/02/2020

## गजराज बांध का गहरीकरण जारी

रायपुर ● ग्रीनआर्मी संस्था बोरियाखुर्द गजराज बांध के गहरीकरण और चौड़ीकरण के लिए लिए लगातार प्रयास कर रही है। संस्था की माने तो 230 एकड़ में फैले इस बांध में इतना पानी आता है जो गर्मी के दिनों में रायपुर शहर के जल स्रोतों को सूखने नहीं दे सकता है। आने वाले 50 सालों तक यहां के लोगों को पानी की कमी न हो इसके लिए संस्था हर रविवार को गजराज बांध में अपने लक्ष्य के तहत उतरती है और गहरीकरण व साफ सफाई का का कार्य करती है। इसके साथ ही यहां पर सघन वृक्षारोपण भी किया जा रहा है।

समवेत शिखर 25/02/2020

# गजराज बांध बोरियाखुर्द की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य जारी

## ग्रीन आर्मी कर रही सफाई




रायपुर। बोरियाखुर्द गजराज बांध 230 एकड़ (वर्गफीट क्षेत्रफल 1,00,18,800.00) गहरीकरण चौड़ीकरण करने पर इसमें 5,11,92,73,000.00 क्यूबिक लीटर पानी संग्रहीत होगा जो कि गर्मी के दिनों रायपुर शहर में आरक्षित जल स्त्रोत होगी जो कि आने वाले 50 वर्षो तक कभी भी रायपुर शहर में जल की कमी नहीं होने देगी। बांध के चारों ओर सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। जिसके लिए ग्रीन आर्मी कटिबद्ध है गजराज बांध क्षेत्र को ऑक्सिरिच क्षेत्र बनाया जा सकता है इसके संरक्षण के लिए बोरियाखुर्द गजराजगबांध संरक्षण समिति, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर और जेसीआई संगवारी रायपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान संकल्प, सरोवर धरोहर एक जन आंदोलन में लोग बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे है, गजराज बांध का संरक्षण के लिए अभियान विगत जनवरी 2019 से चल रहा है, सफाई और गहरीकरण के कार्य 23 फरवरी में इन संस्थाओं का विशेष योगदान रहा है।

देशबन्धु 25/02/2020

# ग्रीनआर्मी ने की गजराज बांध में सफाई




बोरियाखुर्द गजराजबांध संरक्षण समिति ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुरऔर जेसीआइ संगवारी रायपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान संकल्प, सरोवर धरोहर एक जन आंदोलन में लोग बढ़ चढ़ कर भाग ले रहें हैं, गजराज बांध का संरक्षण के लिए अभियान विगतै जनवरी 2019 से चल रहा हैं, सफाई और गहरीकरण के कार्य।

**रायपुर,** 24 फरवरी (देशबन्धु)। बोरियाखुर्द गजराज बांध 230 एकड़ (वर्गफिट क्षेत्रफल 1,00,18,800.00) गहरीकरण, चौडीकरण करने पर इसमें 5,11,92,73,000.00 क्यूबिक लीटर पानी संग्रहित होगा जो की गर्मी के दिनों रायपुर शहर में आरक्षित जल स्त्रोत होगी जो कि आने वाले 50 वर्षो तक कभी भी रायपुर शहर में जल की कमी नहीं होने देगी। बाँध के चारों ओर सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। जिसके लिए ग्रीन आर्मी कटिबद्ध हैं गजराज बांध क्षेत्र को ऑक्सिरिच क्षेत्र बनाया जा सकता हैं इसके संरक्षण के लिए

नगर निगम ज़ोन - 6, कमिश्नर विनय मिश्रा, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर, अध्यक्ष अमिताभ दुबे, जेसीआई संगवारी रायपुर, अध्यक्ष चंद्रकांत देवांगन, बोरियाखुर्द गजराजबांध संरक्षण समिति, शहर जिला साहू संघ, ग्राम बोरियाखुर्द निवासी, बोरियाखुर्द मुक्तिधाम सेवा समिति, कर्मा झेरिया साहू समाज वार्ड क्रमांक 54, नगर निगम रायपुर छॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर डॉ पुरुषोतम चंद्राकार और साथी कलाकार। विभिन्न समजिक संगठन के सदस्य, यादव समाज, ब्राह्मण समाज, सिन्धी, धीवर समाज और अन्य ने सहयोग से किया गया।

पत्रिका 17/02/20

# तालाब सफाई की मुहिम को सफल बनाने के लिए नगाड़ा बजाकर जागरूक कर रही ग्रीन आर्मी

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



रायपुर ● ग्रीन आर्मी संस्था ने रविवार को बोरियाखुर्द, संतोषी नगर से दो किमी. आगे गजराज बांध तालाब संवर्धन व संरक्षण के लिए रविवार को प्रातः धरती माती की पूजा के पश्चात सफाई और गहरीकरण का कार्य किया गया। सामाजिक दायित्व को निर्वाहन करते हुए स्थानीय लोगों से तालाब के संवर्धन के लिए और साफ-सफाई के लिए पूजा की सामग्री, कचरा ने फेंकने का अनुरोध किया गया। इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने और जागरुकता के लिए संस्था ने नगाड़ा बजाकर जनजागरण किया गया। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक जुड़कर 'मोर रायपुर मोर जिम्मेदारी 'के स्लोगन को चरितार्थ करने का अनुरोध किया गया।

जनहित कार्य के लिए जेसीआई, संगवारी संस्था के अध्यक्ष चंद्रकांत देवांगन ने बताया कि जेसीआई अब ग्रीन आर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्येक रविवार को तालाब

छत्तीसगढ़ 17/02/20



# ग्रीन आर्मी ने किया गजराज बांध की सफाई एवं गहरीकरण का काम शुरू

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 17 फरवरी। ग्रीनआर्मी संस्था, जेसीआई (संगवारी) संस्था एवं आसपास के नागरिकगणों के द्वारा विगत दिवस गजराज बांध का सफाईकरण एवं गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर ग्रीनआर्मी के सदस्यों द्वारा नगाड़ा बजाकर प्रभात रैली निकालकर स्थानीय लोगों को तालाब एवं जल बचाने हेतु जागरूक किया गया एवं प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जोड़ने के लिए एक व्यक्ति एक धमेला (मलवा/कचरा) फेंकने का आग्रह किया गया।

रायपुर के तालाबों के संरक्षण एवं गजराज बांध के गहरीकरण एवं सफाईकरण के कार्य के लिए जेसीआई संगवारी संस्था के प्रेसिडेंट चंद्रकांत देवांगन ने बताया कि जेसीआई (संगवारी) संस्था भी ग्रीनआर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्येक रविवार को तालाब सफाई एवं संरक्षण के लिए कार्य करेगी।

अमृत संदेश 17/02/20

# ग्रीन आर्मी ने किया गजराज बांध की सफाई व गहरीकरण का कार्य

रायपुर, 16 फरवरी (असं)।

ग्रीनआर्मी संस्था, जे.सी.आई. (संगवारी) एवं आसपास के नागरिकों ने पर्यावरण एवं जल की रक्षा हेतु बोरियाखुर्द स्थित गजराज बांध का सफाईकरण एवं गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य में स्थानीय नागरिकों को और अधिक से अधिक संख्या में इस मुहिम से जोड़ने हेतु गजराज बांध के आसपास के क्षेत्रों में मॉर्निंग वॉक करने वालों, तालाब में कपड़ा धोने वालों एवं नहाने वाले लोगों से भी तालाब सफाई का अनुरोध किया गया एवं तालाबों में कचरा/पूजन सामग्री ना डालने हेतु अनुरोध किया गया। ग्रीनआर्मी के सदस्यों द्वारा नगाड़ा बजाकर प्रभात रैली निकालकर उन्हें तालाब एवं जल बचाने हेतु जागरूक किया गया एवं प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जोड़ने के लिये एक व्यक्ति एक धमेला (मलवा/कचरा) फेकने का आग्रह किया।



रायपुर के तालाबों के संरक्षण एवं गजराज बांध के गहरीकरण एवं सफाईकरण के कार्य के लिये जे.सी.आई (संगवारी) संस्था के प्रेसीडेंट चंद्रकांत देवांगन ने बताया कि जे.सी.आई संस्था भी ग्रीनआर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्येक रविवार को तालाब सफाई एवं संरक्षण के लिये कार्य करेगी।

अमन पथ 25/8/2020

# ग्रीन आर्मी नें चलाया गजराज बांध बचाओ अभियान

अमन पथ न्यूज




रायपुर। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा सोमवार को गजराज बांध बचाने हेतु रायपुर प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता लिया गया । ग्रीन आर्मी संस्था विगत 3 वर्षो से पर्यावरण व तालाब संरक्षणा हेतु कार्य कर रही है इसी कडी में सोमवार को गजराज बांध बचाओं हेतु प्रेस वार्ता में बताया गया कि- पुरानी धमतरी बोरिया खुर्द क्षेत्र में एक विशाल जलाशय गजराज बांध अपना अस्तित्व खोज रहा है अपने जमाने में गजराज बांध 230 एकड हुआ करता था जो आज संर्कीण हो चुका है जिसे बचाने हेतु ग्रीन आर्मी रायपुर द्वारा जनजागरणा अभियान विभिन्न माध्यमों से चला रहा है। 100 एकड आरक्षित मनोंरंजन स्थल हेतु, अ. कुल क्षेत्रः- 230 एकड़, 130एकड जलक्षेत्र, 65 एकड़ जलक्षेत्र,ब. जलक्षेत्रः- 130 एकड, 65 एकड़ थलक्षेत्र,स. 65 एकड़ वर्तमान जलक्षेत्र - यह भी अत्यंत दयनीय हालात में है दम तोड़ रहा हैं। (1) सरोवर धरोहर - ग्रीनआर्मी संस्था द्वारा जल एवं तालाब संरक्षण अभियान के अंतर्गत लगातार इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।(2)तालाबों का शहर - रायपुर तालाबों का शहर था (लगभग 300 तालाब) अब बमुश्किल 150 बचें है वो भी दयनीय हालत में है। (3)किसी भी एक या दो तालाब विशेष तालाब का सौदंर्यीकरण के बदले पहले रायपुर के समस्त तालाबों के संरक्षण की योजना बनायी जायेः- (अ)गहरीकरण (ब) चौडीकरण (स) शुद्धिकरण (द)वृक्षारोपण हमारी मांग - इस ऐतिहासिक संपूर्ण 230 एकड़ गजराजबांध को बचाया जाये। (4) नया रायपुरः- हमारी प्राचिन परम्परा रही है कि जब भी 25-50 लोगों का घर बनाकर किसी भी नयें गांव को बसाया जाता था तब पांच तालाब भी बनाए जाते थें इतना विशाल नया रायपुर बसाया जा रहा है। अतः जलक्षेत्र बचाया जाना अति आवश्यक है। (5) जनता एवं मिडिया - इस सम्पूर्ण कार्य में मिडिया की भूमिका अति महत्वपूर्ण है आप सभी से निवेदन है कि इस जल एवं तालाब संरक्षण के कार्य में अपना सहयोग प्रदान करेगें।

**Date** : 10/10/2020 - 16/11/2020

**Subject** : JAL AVAM TALAAB SANRANKSHAN –
GAJRAJ BAANDH BACHAO ABHIYAN

**Place** : HIND SPORTING GROUND, RAIPUR (C.G.)











**Date** : 01/11/2020

**Subject** : GAJRAJ BAANDH ME SWACHCHTA ABHIYAAN

**Place** : BORIYAKHURD, SANTOSHI NAGAR, RAIPUR









**Date** : 01/11/2020

**Subject** : GAJRAJ BAANDH ME SWACHCHTA ABHIYAAN

**Place** : BORIYAKHURD, SANTOSHI NAGAR, RAIPUR











**Date** : 08/11/2020

**Subject** : PAD YATRA – GAJRAJ BAANDH BACHAO

**Place** : BUDHA TALAAB SE BORIYAKHURD, RAIPUR















**Date** : 08/11/2020

**Subject** : PAD YATRA – GAJRAJ BAANDH BACHAO

**Place** : BUDHA TALAAB SE BORIYAKHURD, RAIPUR















स्थान : नरहईया गार्डन, टिकरापारा, रायपुर
दिनॉक : जून 2018
विषय – इटर्नशिप ग्रीष्मकालीन स्वच्छता अभियान















